ont>

Title: Need to set up an Information Technology Park at Bilaspur or Hamirpur in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जहां की जलवायु, मौसम, स्थानीय आकृति एवं प्रकृति सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए सम्पूर्ण रूप से उपयोगी, लाभदायी एवं विस्तार हेतु अनुकूल हैं लेकिन सूचना प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना नहीं की गई है जबकि वहां इस हेतु सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा प्रदेश सरकार भी हर प्रकार की सहायता प्रदान करने हेतु तत्पर है।

मेरा आपके माध्यम से सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र हमीरपुर के जिला मुख्यालय बिलासपुर अथवा हमीरपुर में एक राट्रीय अथवा अन्तर्राट्रीय स्तर के सूचना प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना की जाए।